महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0/रासेयो/2024/ 333-338 दिनांकः–24.05.2024

सेवामें,

प्राचार्य/प्राचार्या/कार्यक्रम अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महा0ज्यो0फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–''छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम'' (Student Police Experiential Programme/Internship) का द्वितीय चरण प्रारम्भ करने के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के पत्र संख्या स0 31–48/रा0से0यो0/क्षेनि/लख/2024–25, दिनांक 22 मई, 2024, के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के रा0से0यो0 इकाईयों के स्वयंसेवकों का जनपदवार ''छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम'' **(SPEL)** कार्यक्रम का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है। **SPEL** कार्यक्रम के द्वितीय चरण को प्रारम्भ करने हेतु महनिदेशक (पुलिस) रूल्स एवं मैन्युअल, उत्तर प्रदेश एवं राज्य रा0से0यो0 अधिकारी, उत्तर प्रदेश के साथ दिनांक 17.05.2024 को पुलिस मुख्यालय, लखनऊ में सम्पन्न हुई बैठक के क्रम भारत सरकार के निदेशानुसार आगामी शैक्षणिक सत्र (2024–25) में **SPEL** कार्यक्रम के द्वितीय चरण को प्रारम्भ किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में **My Bharat** पोर्टल पर पंजीकृत स्वयंसेवक ही प्रतिभाग कर पाएंगे। स्वयंसेवकों को **My Bharat** पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित थाने का चयन करते हुए ऑनलाईन पंजीकरण करना होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालयों के 20 रा0से0यो0 स्वयंसेवकों की सूची (10 छात्र–10 छात्रा) को जनपदवार नीचे दिये प्रारूप **(अंग्रेजी की एक्सलसीट की सॉफ्टकॉपी में)** पर इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com पर दिनांक 30.05.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे की ससमय सूचना रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ को प्रेषित की जा सके।

Sr No	Name of the University	Name of the District	Name of the Distict Nodal Officer	Mob No. & Email Id of District Nodal officer	Total No. of Selected NSS Volunteers	Selected Police Station for the SPEL Programme Selection by Programme Officer	Tentative date to start SPEL Programme

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय
/
प्रो0 सोमपाल सिंह
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपतिजी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
3. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

24/5/24

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना